तापमान

अधिकतम 25.2 डिग्री

न्यूनतम 20.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शनिवार 07 दिसंबर 2024

14 विधायक ने सुदूर बलौदा में लगाया जन चौपाल ...



14 राष्ट्रीय यूथ बॉस्केटबाल में 6 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा





## आरओबी का काम शुरू, 2026 में लोगों को मिलेगा बड़ी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

रायपुर रोड पर आवाजाही को आसान बनाने के लिए बेलसोंडा में ओवरब्रिज की निर्माण की प्रक्रिया शुरू हो गई है। नामजोख के बाद जमीनों पर मार्किंग भी कर दी गई है। ओवरब्रिज का निर्माण नागपुर की कंपनी मेसर्स खलाटकर इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड करेगी। निर्माण कार्य चालू करने के लिए पटरी के इस पार महासमुंद की तरफ तीन बोर खनन भी हो गया है। आगामी दिनों में साइट समतलीकरण किया जाएगा। अभी ओवरब्रिज की हद में आ रही कुछ लोगों की जमीनों से फसल नहीं कटी है। इसके अलावा जिन किसानों ने फसल काट ली है। उनकी जमीन पर नमी है। इस कारण मशीन से समतलीकरण नहीं हो रहा है। 2026 में मई महीने तक ओवरब्रिज निर्माण कार्य पूरा करने की योजना है। जानकारी के मुताबिक पिछले साल मार्च 2023 को बेलसोंडा में ओवरब्रिज निर्माण करने की स्वीकृति मिली थी। ब्रिज निर्माण में 58 करोड़ 66 लाख रुपए की लागत आएगी। ओवरब्रिज निर्माण के बाद रायपुर रोड की राह आसान हो जाएगी। वर्षों से रेलवे फाटक पर ब्रिज बनने का इंतजार किया जा रहा था। वाहन चालक लंबे जाम में फंस रहते थे। अब निर्माण कार्य शुरू होने से राहत की बौछार पड़ी है। एक साल बाद फाटक से मुक्ति मिल जाएगी। ओवरब्रिज निर्माण में एनएच-353 पर 122 पेड़ बाधा बन रहे थे। इन पेड़ों को काटने की योजना थी। 25 पेड़ों को उखाड़कर तुमगांव के हाथी कैंप में शिफ्ट किया गया। शिफ्ट किए गए सभी पेड़ सुरक्षित हैं। पत्ते भी आ गए हैं। वन पेड़ों की शिफ्टिंग का प्रयोग वन विभाग का सफल रहा। ग्रीन केयर सोसाइटी की मांग पर हाईवे से पेड़ों को शिफ्ट किया गया था।

### ब्रिज निर्माण में 58 करोड़ 66 लाख रुपए की आएगी लागत

#### फाटक पर कतार से मिलेगी मुक्ति

ट्रेन आने के समय बेलसोंडा रेलवे फाटक के दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइन लग जाती है। जाम से निकलने में वाहन चालकों को परेशान होना पड़ता है। हालांकि, एक और फाटक बनने से आने-जाने के रास्ते अलग-अलग हो गए हैं। इसलिए कुछ हद तक वाहन चालकों को राहत मिलेगी। ओवरब्रिज बनने के बाद फाटक की बाधा पूरी तरह खत्म हो जाएगी। आवागमन काफी आसान हो जाएगा। वर्तमान में रायपुर जाने के लिए महासमुंद से बेलसोंडा मार्ग ही एक एकमात्र रास्ता है। इस कारण वाहनों का प्रेशर भी बढ़ा है। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से निकलते हैं। फाटक बंद होने से वाहन चालकों को इंतजार करना पड़ता है।



#### 10 करोड़ का मुआवजा

ओवरब्रिज की जद में जिनकी जमीनें आईं हैं, उनमें अधिकतर भूस्वामियों को मुआवजा का वितरण भी किया जा चुका है। टेंडर प्रक्रिया शुरू होने के बाद काम भी शुरू हो गया है। जानकारी के मुताबिक 29 लोगों की जमीन ओवरब्रिज में आ रही है। इन प्रभावितों को 10 करोड़ रुपए का मुआवजा वितरण करना है। एनएच ने लगभग 90 प्रतिशत मुआवजा का वितरण कर चुका है।

**प्रदर्शन : सर्व अनु.जाति समाज ने की निष्पक्ष जांच और झूठी रिपोर्ट निरस्त करने की मांग**

## पुलिस की चौकस व्यवस्था देख आंदोलनकारी कलेक्टोरेट, एसपी ऑफिस नहीं घेर पाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर पालिका की लड़ाई अब सड़क तक पहुंच चुकी है। जिसके चलते सतनामी समाज, छग सतनामी मुक्ति केंद्र, सर्व रविदास समाज, उत्कल समाज, घसिया समाज, गाड़ा समाज के लोगों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई एवं झूठी रिपोर्ट निरस्त की मांग करते हुए अंबेडकर चौक के पास नारेबाजी करते अपना विरोध प्रदर्शन किया।

हालांकि, उनका कार्यक्रम रैली निकाल कर कलेक्टोरेट एवं पुलिस अधीक्षक ऑफिस के घेराव का था परंतु प्रशासनिक अमले से बातचीत के बाद घेराव का कार्यक्रम स्थगित किया गया। पूर्व मिली घेराव करने की सूचना को लेकर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए थे। जगह-जगह रोड पर बेरिकेडिंग एवं तारों के द्वारा घेरा गया था एवं सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे जिससे अगर रैली के दौरान उपद्रव की घटना होती है तो आरोपियों की की पहचान सुनिश्चित हो सके।

बता दें कि महिला नगर पालिका अध्यक्ष से मारपीट का मामला गहरा गया है। हालांकि, इसी मामले में आरोपी पंकज साहू ने भी दूसरे पक्ष के लोगों के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई थी। इसके बाद मामला बढ़ता जा रहा था और नपा कर्मियों ने हड़ताल कर मूलभूत सुविधाएं प्रभावित कर दी थी। लेकिन दूसरे दिन इन सुविधाओं को बहाल भी कर दिया था।

वहीं में सर्व अनुसूचित जाति समाज ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए पत्रकार वार्ता लेकर कहा था कि शहर में महिला नगर पलिकाध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं है तो आमजन कैसे सुरक्षित रहेंगे।

संगठन में शामिल सतनामी समाज, छग सतनामी मुक्ति केंद्र, सर्व रविदास समाज, उत्कल समाज, घसिया समाज, गाड़ा समाज प्रमुखों ने आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की साथ ही कहा कि नपाध्यक्ष के लकवाग्रस्त पुत्र विक्की महिलांग बेड रेस्ट पर हैं, उसके खिलाफ झूठी रिपोर्ट लिखाई गई है, लिहाजा झूठी रिपोर्ट तथा नपाध्यक्ष, उनके पति त्रिभुवन महिलांग, पुत्र अंकित तथा समर्थकों के विरूद्ध दर्ज झूठी शिकायत निरस्त करने की मांग करने कलेक्टोरेट पहुंचने की तैयारी की गई थीं।

इधर पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। प्रदर्शन सूचना के मद्देनजर पुलिस महकमा दिन भर अलर्ट रहा।





#### पुलिस प्रशासन ने किया पुख्ता इंतजाम

बलौदाबाजार अग्नि कांड के बाद से पुलिस, रैली और प्रदर्शनों को लेकर अतिरिक्त सतर्कता बरत रही है। जिसके कारण शहर के बीच से गुजरने वाले मुख्य मार्ग हाइवे 353 से रैली गुजरा है। वहां पुलिस ने नदी चौक घोड़ारी से आने वाले भारी वाहनों को घोड़ारी से तुमगांव होकर आगे जाने तथा बागबाहरा की ओर से आने वालों वाहनों को पटेवा से होकर आगे जाने के लिए डायवर्ट किया गया था। बरोंडाबाजार की ओर से आने वाले रेत भरे ट्रैक्टर, ट्रकों को बाहर रोका दिया था। फिंगेश्वर मोड़ पर भी वाहनों को रोका गया। कलेक्टोरेट के सामने जनता के लिए आवागमन रोजाना की तरह सामान्य रहा एवं रैली रूट पर जगह पुलिस बल तैनात किए गए थे एवं सीसीटीवी कैमरे से निगरानी कर रहे थे।

#### पूर्व पार्षद पहले ही दे चुके हैं गिरफ्तारी

सर्व अनुसूचित जाति समाज की दो मांगों में से एक मांग नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग से मारपीट मामले में पूर्व पार्षद पंकज साहू पहले ही गिरफ्तारी दे चुके हैं। पूर्व पार्षद साहू ने बुधवार देर शाम थाने पहुंचकर गिरफ्तारी दी। जरूरी कार्रवाई के बाद पुलिस उन्हें जेल न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। वहीं इस मामले में पंकज साहू की पत्नी ममता साहू की रिपोर्ट पर 7 लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। जिनमें दीपक ठाकुर, सुशील सोनी, मनोज कुमार, नीतिन राजपुरोहित समेत पार्षद बबलू हरपाल, सूरज नायक, दीपक चंद्राकर शामिल हैं, जिन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

### खबर संक्षेप

#### दो बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास दो बाइक भिडंत हो गई। हादसे में घायल हुए प्रार्थी ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। वार्ड नंबर 18 गुरूपारा शिव चौक महासमुंद निवासी देवेश यदु ने पुलिस को बताया कि 3 दिसंबर को दोपहर 2:30 से 3 बजे वह अपने घर से मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीटी 1383 से आरंग जा रहा था। इसी दौरान राठी पेट्रोल पंप बेलसोंडा के पास सामने से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 04 एनयू 2422 के चालक ने अपने मोटर सायकल को तेज व लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए प्रार्थी के मोटर सायकल को ठोकर मार दिया, हादसे में देवेश को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी मोटर सायकल के चालक के खिलाफ 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।

#### भतीजे को बेटा बोलने पर पिता ने की मारपीट



**महासमुंद।** बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम पोड़ागढ में भतीजे को बेटा बोलने पर बच्चे के पिता ने मारपीट कर दी। जिसकी शिकायत थाने में दर्ज कराई गई है। हीराधर नंद पिता स्व. बंशीधर नंद (50 वर्ष) निवासी पोड़ागढ ने पुलिस को बताया कि 4 दिसंबर को शाम करीबन 4 बजे वह अपने घर के सामने उसके छोटे भाई के पुत्र तूफान को क्या कर रहे हो बेटा बोला, तभी हीराधर के छोटे भाई रायधर नंद ने गाली गलौज कर हाथ, मुक्का एवं जमीन में पटककर लात से मारपीट किया एवं जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करने से हीराधर को चोटें आई है। मामले की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी रायधर नंद के खिलाफ 115(2), 296, 351(2) बीएनएस के तहत अपराध कायम किया है।



### हवन सामग्री की फैक्ट्री में लगी आग

**महासमुंद।** औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी के एक हवन सामग्री फैक्ट्री में आज सुबह भीषण आग लग गई। सुबह-सुबह आग लगने की इस घटना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया तब तक बड़ा नुकसान हो चुका था। आग लगने का कारण अब तक अज्ञात है। जानकारी के अनुसार औद्योगिक क्षेत्र बिरकोनी में प्लाट नंबर 126 में गणेश हवन सामग्री फैक्ट्री संचालित है। आज सुबह करीब सात बजे वहां कार्यरत कर्मी ने कैलाश राठी को फोन पर आग लगने की जानकारी दी बाद उन्होंने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी समय बाद आग पर काबू पाया। श्री राठी ने बताया कि आग लगने की इस घटना में मशीन सहित कच्ची सामग्री व अन्य सामान जलकर राख हो गया जिससे उन्हें 40-50 लाख रुपए का नुकसान हुआ है।

## आयुष्यान वय वंदन योजना के तहत जिले के 70 प्लस बुजुर्गों का 5 लाख तक होगा नि:शुल्क इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले में बुजुर्गो को एक और स्वास्थ्य योजना लाभ मिलेगा जिससे गंभीर बीमारी के समय घर का आर्थिक बोझ कम हो जायेगा। बता दें कि आयुष्यान वय वंदन योजना के तहत अब 70 प्लस बुजुर्गों को 5 लाख तक निःशुल्क इलाज किया जाएगा। योजना के तहत कार्ड बनना शुरू हो चुका है। जिले के पांच ब्लॉक के बुजुर्गो को इसका लाभ मिलेगा । केंद्र सरकार की घोषणा के बाद छत्तीसगढ़ सरकार भी आयुष्मान वय वंदन योजना के तहत 70 प्लस बुजुर्गों का कार्ड बनाना शुरू कर दिया है। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य वृद्धजनों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग के द्वारा जिले में वृद्धजनों के लिए विशेष शिविर लगाकर कार्ड बनाने का योजना है। शिविर में 70 प्लस बुजुर्गों का अलग से कार्ड बनाना है। पंजीयन में वृद्धजनों को अपना




केवल आधार कार्ड ही लेकर शिविर में पहुंचना है। इसके माध्यम से बुजुर्ग आसानी से अपना केवायसी प्रक्रिया पूरी कर सकते है। इस योजना के तहत 70 प्लस आयु वर्ग के लोगों को परिवार कोटे से अलग 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज की सुविधा मिलेगी। वृद्धजन अपने घर बैठे ऑनलाइन प्रक्रिया से 70 प्लस से अधिक आयु वर्ग के लोग किसी जानकारों की सहायता लेकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। वेबसाइट पर यू-ट्यूब लिंक से केवायसी और आयुष्मान कार्ड बनाने की विस्तृत जानकारी पाप्त की जा सकती है।

#### इन केंद्रों पर भी हो सकता है पंजीयन

जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला चिकित्सालय के अलावा पंजीकृत निजी चिकित्सालयों में भी आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। इतना ही नहीं हितग्राही किसी भी पंजीकृत च्वाईस सेंटर में जाकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## खरीदी केंद्रों में धान की परिवहन नहीं होने से स्टेक जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नर्रा

- धान का परिवहन जल्द नहीं किया गया तो समस्या बढ़ेगी

समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी 14 नवंबर से शुरूआत हुई है । खरीदी शुरू हुए 21 दिन बीत गए है अब तक उपार्जन केंद्रों में धान की उठाव शुरू ही नहीं हुआ है। इस तरह जिला सहकारी केंद्रीय बैंक शाखा कोमाखान एवं मुनगासेर शाखा के अतंर्गत प्राथमिक साख सरकारी समिति नर्रा के उपार्जन केंद्र में अब तक 529 किसानों से 64 हजार 950 कट्टा धान की खरीदी की गई है। इसी प्रकार खरीदी केंद्र परसुली में 390 किसानों से 30 हजार 416 कट्टा धान की खरीदी किया जा चुका है, कछारडीही केंद्र में 60 हजार कट्टा धान की खरीदी, कसेकेरा सोसायटी में 558 किसानों से 73 हजार कट्टा धान की खरीदी, कोमाखान सोसायटी में 357 किसानों से 36 हजार 191 कट्टा धान की खरीदी की गई है। इन सोसायटीयों में धान का परिवहन व उठाव नहीं होने से फड़ पर बने स्टेक धान की बोरियों से जाम हो गए। अब धान रखने के लिए स्टेक ही नहीं बचा है तो कुछ केंद्र में खरीदी बंद करने के हालात हो गए है। सोसायटी प्रभारियों का कहना है कि केंद्र में धान जाम परिवहन नहीं होने से स्टेक धान की बोरियों से पहाड़ जैसा दिख रहा है। यदि उठाव नहीं हुआ तो कुछ केंद्रों में सोमवार को धान की खरीदी बंद करने के हालात निर्मित हो सकते हैं।




**चंडी माता मंदिर जाने के रास्ते में अजगर का शिकार करता दिखा लकड़बग्घा**

## जंगली जानवरों का आतंक बढ़ा, भालू के हमले से तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिले के बागबाहरा वन परिक्षेत्र के ग्राम बिहाझर में भालू के हमले से तीन लोग घायल हो गए है। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलो की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सको ने उनको रायपुर रेफर किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार ग्राम बिहाझर के गोठान से रात्रि 9 बजे दो भालू गांव में घुस आए । जब तक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक भालू ने गांव के तीन लोगों को घायल कर दिया। घायल तीर्थी साहू ( 39 वर्ष), खोगेश्वर साहू (45 वर्ष) एवं सुखराम यादव (50 वर्ष) को 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागबाहरा लाया गया । सूचना पर मौके पर पहुंचा वन अमले ने घायलों को एक- एक हजार रुपये की आर्थिक मदद प्रदान किया। वही दूसरा घटना चंडी माता मंदिर जाने वाले मार्ग की है जहां एक लकड़बग्घा सड़क में पड़े अजगर का शिकार करते नजर आया। इस मार्ग पर विभिन्न प्रकार के जंगली जानवरों की आवाज इन दिनों बढ़ गई है। पहाड़ी एवं जंगली क्षेत्र होने की वजह से शाम से देर रात एवं सुबह सड़क के आसपास उनके गुजरते, मंडराते देखे जाने की



खबरें मिल रही हैं। मंगलवार रात 8-9 बजे चंडी माता मंदिर से वापस लौट रहे तीन मित्रों ने एक बड़े लकड़बग्घे के द्वारा अजगर सांप का शिकार करने वाला वीडियो वायरल किया है। युवा रूपेश शर्मा, संदीप चंद्राकर एवं धीरज अग्रवाल को चंडी माता मंदिर से वापस लौटते समय चंडी मंदिर सड़क में कुर्मी समाज के भवन के पास उक्त लकड़बग्घा सड़क में पड़े अजगर से कुछ दूर खड़ा था। युवाओं ने बताया कि राह चलते बाइक सवार सहित उन लोगों ने हल्ला करके उसे भगाया। लेकिन हम लोग कौतूहलवश वहां से कार की लाइट बंद कर कुछ दूर हटकर खड़े हो गए। कुछ देर बाद झुरमुट से निकल कर सड़क के दूसरी ओर चला गया और तुरंत वापस वहीं आता दिखा। कार की लाइट जला कर वीडियो ऑन कर दिया और उसके बाद का दृश्य कैमरे में कैद हो गया। उन्होंने बताया कि जिस अजगर को लकड़बग्धा उठा कर ले गया उसके बारे में लोगों ने बताया कि दो दिन से शायद किसी वाहन की चपेट में आकर मरा पड़ा था। तीनों युवाओं ने आगे बताया कि काफी बड़े साइज का लकड़बग्घा था। ऐसा लकड़बग्घा हमने पहली बार देखा।

**पाठक सूचना**

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969



## खबर संक्षेप



### प्रधान पाठक ने बच्चों को कराया न्यौता भोज

**महासमुंद।** शासकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय कुम्हार पारा महासमुंद की प्रधानपाठक शिवकुमारी जायसवाल ने अपने जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए विद्यालय में उपस्थित समस्त छात्र छात्राओं और कर्मचारियों को समोसा और जलेबी खिला कर न्यौता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक गोविंद प्रसाद साहू, ज्योति साहू , रीता साहू , रसोइया मालती बघेल, कौशल्या प्रधान, सुधा दीवान उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन धनेश्वरी सिन्हा ने किया।



### पीएम आवास के लिए शिविर लगाकर फार्म भराया गया

**महासमुंद।** नगर के वार्ड नंबर 09 की पार्षद माधवी महेंद्र सिका ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के तहत अपने वार्ड के गरीब मजदूर, झुग्गी झोपड़ी परिवारों को पट्टा एवं पक्का मकान दिलाने हेतु शिविर लगाकर लोगों को आवेदन फॉर्म भरवाया। नगर पालिका में पदस्थ प्रधानमंत्री आवास योजना के प्रभारी लोक रंजन के द्वारा फार्म भरवाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में वार्ड वासी भी उपस्थित रहे।



### महिला बाल विकास द्वारा दो दिवसीय टीकाकरण अभिमुखीकरण प्रशिक्षण

**सरायपाली।** जनपद पंचायत के मनरेगा सभा कक्ष में टीकाकरण अभिमुखीकरण के दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम में परियोजना अधिकारी,आर, नारंग, सुपरवाइजर अनिता यदु, दीक्षा पटेल, मिथिला सिदार, बीपीएम शीतल सिंह, सुपरवाइजर टी लकड़ा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला एवं पुरुष संजीदा खान, श्रद्धा बेलकर, हीरालाल नायक, मुकेश पटेल, वीरेंद्र पटेल, गायत्री यादव, मंदाकिनी साहू, मालती चौहान, माधुरी पंडा, पार्वती चौधरी, रुद्रा राणा एवं उपस्थित थे।

# मिट्टी, हवा और पानी को शुद्ध रखने के प्रयास करने होंगे, अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस पर हुई परिचर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस के उपलक्ष में महासमुंद में आयोजन किया गया जिसमें कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ कुणाल चंद्राकर तथा इफको के फील्ड ऑफिसर साजिद रजा वक्त के रूप में तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रमाकांत ध्रुव जनपद पंचायत सदस्य गुडरूडीह ने किया यह कार्यक्रम संयुक्त रूप से रिलायंस फाउंडेशन कृषि विज्ञान केंद्र महासमुंद व इफको महासमुंद आयोजित किया गया।

इस मौके पर सर्वप्रथम अतिथियों तथा डिजिटल फॉर्म स्कूल की महिला किसान बहनों द्वारा मिट्टी का पूजन किया गया इसके बाद अतिथियों का उद्बोधन शुरू हुआ सर्वप्रथम साजिद राजा ने बताया कि संसाधनों का उपयोग तो कर ही रहे हैं यदि हम अगली पीढ़ी को इसको इसी रूप में देना चाहते हैं तो हमें अपने मिट्टी पानी, हवा को शुद्ध रखने हेतु प्रयास करने होंगे इस हेतु हमें नए विकल्पों का उपयोग करना होगा जैसे हमें पराली न जला कर डी कंपोजर के माध्यम से इसका प्रबंध कर सकते हैं। इसी तरह से डीएपी यूरिया का कम उपयोग करते हुए नई तकनीकी द्वारा बनाई गई नैनो यूरिया, नैनो डीएपी का उपयोग कर सकते हैं इन तकनीकों का उपयोग करने पर हमारी मृदा तथा पानी दूषित होने से बचेगा। नए शोध के अनुसार हमारे महासमुंद जिले के पानी में नाइट्रेट की मात्रा का ज्यादा पाया जाना यह बताता है कि अब हमें सचेत होने की जरूरत है

अध्यक्षीय उद्बोधन में रमाकांत ध्रुव ने बताया कि आजादी के बाद सबसे बड़ी चुनौती अपनी जनसंख्या का पेट भरना था हम लोगों ने नए उन्नत बीजों तथा रासायनिक खाद,



रासायनिक दवाओं का उपयोग कर अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर हो गए, लेकिन मृदा स्वास्थ्य तथा पानी दूषित होना शुरू हो गया। अब आवश्यकता इस बात की है कि एवं नई तकनीक का सहारा लें और जिससे हमारे आने वाली पीढ़ी भी इन संसाधनों का उपयोग कर सके कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मृदा वैज्ञानिक डॉक्टर कुणाल चंद्राकर ने विश्व मृदा दिवस 2024 (डब्ल्यूएसडी) प्रतिवर्ष 5 दिसंबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य स्वस्थ मृदा के महत्व पर ध्यान केंद्रित करना तथा मृदा संसाधनों के टिकाऊ प्रबंधन पर चर्चा करना है। दिसंबर 2013 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 5 दिसंबर 2014 को पहला आधिकारिक विश्व मृदा दिवस घोषित किया गया । जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों के कारण हमारी मिट्टी का क्षरण हो रहा है। कटाव से प्राकृतिक संतुलन बिगड़ता है, पानी की पहुंच कम होती है और सभी प्रकार के जीवन के लिए पानी की उपलब्धता कम होती है, और भोजन में विटामिन और पोषक तत्वों का स्तर घटता है।

डॉ चंद्रकर ने मृदा को स्वस्थ बनाए रखने हेतु मुख्य सुझाव न्यूनतम जुताई, फसल चक्रण, जैविक पदार्थ जोड़ना और कवर फसल जैसी संधारणीय मृदा प्रबंधन पद्धतियां मृदा स्वास्थ्य में सुधार करती हैं, कटाव और प्रदूषण को कम करती हैं, और जल रिसाव और भंडारण को बढ़ाती हैं। ये पद्धतियां मृदा जैव विविधता को भी संरक्षित करती हैं, उर्वरता में सुधार करती हैं, और कार्बन पृथक्करण में योगदान देती हैं, जो जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। विश्व मृदा दिवस 2024 (डब्ल्यूएसडी) अभियान, जिसका विषय है मिट्टी की देखभालः माप, निगरानी, प्रबंधन, मिट्टी की विशेषताओं को समझने और खाद्य सुरक्षा के लिए स्थायी मृदा प्रबंधन पर सूचित निर्णय लेने में सटीक मृदा डेटा और सूचना के महत्व को रेखांकित करता है।

डॉ कुणाल चंद्राकर विस्तृत रूप से हमें बताया कि जैसे हम जब बीमार होते हैं तो सबसे पहले अपनी जांच करते हैं इसी तरह से हमें अपनी मिट्टी की जांच करानी चाहिए मिट्टी अस्वस्थ कैसे हैं इस बात को जानने के लिए यदि हमारे खेतों में केचुआ का काम दिखाना , जीवाश्म कम होना अर्थात मिट्टी कड़ी होना, पोषक तत्व प्रबंधन के बाद उत्पादन कम होना मुख्य लक्षण है, डॉक्टर ने खेत से मिट्टी के नमूने लेने हेतु किसानों को विस्तार से बताया, तथा यह भी बताया कि हम कैसे सॉइल हेल्थ कार्ड की बात को समझ पाए तथा अपने खेत में आवश्यकता अनुसार पोषक तत्व का प्रबंध कर सके जिससे एक और हमारे मिट्टी की स्वास्थ्य बना रहे तथा उत्पादन भी अच्छा मिल सके कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार सिंह प्रोजेक्ट मैनेजर रिलायंस फाउंडेशन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से और पंच ललिता ध्रुव, उमा ध्रुव, सावत्री ध्रुव राधा बाई, तुलाराम ध्रुव, भूषण ध्रुव, थानु ध्रुव, सालिक, जय ध्रुव व वरिष्ठ ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिजनेस साईट

### हियरिंग केयर सेंटर में निःशुल्क बहरापन जाँच एव परामर्श शिविर 7 दिसंबर से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हियरिंग केयर सेंटर ने बैरन बाजार स्थित छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास 07 से 08 दिसंबर तक निशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया है। यह शिविर अग्रवाल डेंटल एंड पॉलिक्लिनिक मेन रोड, आइडीबीआई बैंक के पास सरायपाली एवं आर.एल.सी मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल एलआईसी बिल्डिंग के सामने रायपुर रोड महासमुंद में सुबह 10:30 बजे से शाम 5:00 बजे तक चलेगा। शिविर में श्रवण यंत्रों पर भारी छूट और कोक्लियर इम्पलांट (परामर्श) और स्वीच थैरेपी पर विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

प्रसिद्ध कंपनियों फिलिप्स और रेक्टन के श्रवण यंत्र उपलब्ध होंगे। हियरिंग केयर सेंटर की अन्य शाखाएं कचहरी चौक रायपुर, सुपेला भिलाई, बिलासपुर, जगदलपुर, कोरबा और अंबिकापुर में व अन्य राज्यो छत्तीसगढ़, महाराष्ट, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश, तेलगाना, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखण्ड स्थित हैं। यह शिविर दूरदराज क्षेत्रों से मरीजों को बहरेपन की जांच और डिजिटल श्रवण यंत्रों की उचित मूल्य पर उपलब्धता का लाभ प्रदान करता है।

### गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढेना में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए भूमि पूजन 8 दिसंबर को

**महासमुंद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार के तत्वाधान में गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढ़ेना में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के साथ गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम 4 जनवरी से 7 जनवरी तक आयोजित है जिसका भूमि पूजन का कार्यक्रम गायत्री परिवार के शांतिकुंज प्रतिनिधि सुखदेव निर्मलकर, छत्तीसगढ़ जोन प्रभारी, श्रीमती आदर्श वर्मा जोन प्रमुख छत्तीसगढ़, सीपी साहू उपजोन समन्वयक एवं चंदूलाल साहू पूर्व सांसद, योगेश्वर राजू सिंहा विधायक, पूनम चंद्राकर पूर्व राज्यमंत्री, विनोद सेवनलाल चंद्राकर पूर्व विधायक की उपस्थिति में 8 दिसंबर को प्रातः 10 बजे संपन्न होगा। गायत्री प्रज्ञा पीठ मुढेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार गायत्री माता की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शांतिकुंज से डॉक्टर चिन्मय पंड्या उप कुलपति देव संस्कृति विश्वविद्यालय शांतिकुंज हरिद्वार 5 जनवरी को उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी भारत साहू या आशीष साहू ने दी।

# आयुष्मान योजना में आ रही दिक्कतों से अधिकारी को अवगत कराया गया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा आयुष्मान योजना के भुगतान में आ रही कठिनाइयों के चलते भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व प्रदेश संयोजक अखिलेश दुबे, पूर्व जेडीए अध्यक्ष प्रेम चौधरी ने स्वास्थ्य विभाग संचालनालय में डॉ. गवई से मिलकर समस्याओं को अवगत कराया तथा जल्द ही समस्याओं के निराकरण करने की मांग की। डॉ. चोपड़ा ने डॉ. गवई से कहा कि आयुष्मान योजना में पुरानी क्लेम हुई राशि का भुगतान नहीं हो रहा है, जिसमें उन्होंने कहा कि पुराने केस के क्लेम की राशि को धीरे-धीरे कर के भुगतान किया जाए, परंतु नए क्लेम की राशि भुगतान को 20 दिनों के भीतर आवश्यक रूप से पूर्ण किया जाए।

आयुष्मान केस को रिजेक्ट कर दिया जा रहा है, जिसमें अस्पताल को बहुत दिनों बाद केस रिजेक्ट का सूचना दिया जाता है, जिससे अस्पताल वालों को आहत हो रहा है तथा आर्थिक क्षति पहुंच रही है, इस स्थिति में मरीज भी चले जाते हैं, जिनके केस क्लेम का शासन द्वारा रिजेक्ट कर भुगतान नहीं किया जाता। अगर केस क्लेम को रिजेक्ट किया जा रहा है तो, मरीज के उपचार के दौरान ही सूचित कर दिया कि किस कारण से केस रिजेक्ट हो रहा है, जिससे उनको सुधार किया जा सके। इन सभी विषयों के साथ साथ आयुष्मान योजना की और कई समस्याओं को डॉ. गवई के समक्ष अवगत कराया गया, तथा सभी विषयों के निराकरण की बात कही गई।

## विभिन्न विद्यालयों में परख परीक्षा का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

राज्य परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा, रायपुर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत डीएमसी कमल नारायण चंद्राकर, एपीसी संपा बोस महासमुंद एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी, प्रकाशचंद्र मांझी के मार्गदर्शन में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की परीक्षा कक्षा तीसरी, छठवीं एवं नवमीं के विद्यार्थियों हेतु को विकासखंड के शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त के कॉन्वेंट सरायपाली, नेशनल पब्लिक स्कूल बगाईजोर, केंद्रीय विद्यालय, जवाहर नवोदय विद्यालय छिंदपाली, आईईएम स्कूल कुटेला, विसेंट पलोटी स्कूल कुटेला, सतपथी पब्लिक स्कूल तोषगांव, शास.प्राथ. शाला जटाकन्हार, सरस्वती शिशु मंदिर बलौदा, शास. उच्च प्राथमिक शाला किसड़ी, एकलव्य इंग्लिश स्कूल अर्जुंडा, उच्च प्राथमिक शाला बोईरमाल, इवास इंग्लिश स्कूल झिलमिला, कृषक उच्च. माध्यमिक विद्यालय पाटसेंद्री, कारमेल इंग्लिश स्कूल खरखरी, ग्रामीण हायर सेकंडरी स्कूल तोषगांव, आइडेड प्राथमिक शाला कुटेला विद्यालयों में परख परीक्षा का आयोजन किया गया।

# धान खरीदी पर रखी जा रही है कड़ी निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए किसानों को टोकन जारी करने से लेकर बारदाना की व्यवस्था, धान का उपार्जन एवं भुगतान, केंद्रों में खरीदे गए धान का उठाव पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। किसानों को धान विक्रय के लिए टोकन आवेदन करने के लिए समिति माड्यूल एवं टोकन तुंहर हाथ एप की सुविधा दी गई है। टोकन आवेदन करने में दिक्कत होने पर किसान समिति में ऑपरेटर के माध्यम से टोकन आवेदन कर सकते हैं। केंद्रों में धान उपार्जन के लिए 72,194 गठान बारदाने उपलब्ध हैं। विशेष परिस्थिति में किसानों के बारदानों का उपयोग और 25 रुपए प्रति नग बारदाना भुगतान के लिए अपेक्स बैंक को 11 करोड़ 23 लाख रुपए भी दे दिए गए हैं।

### किसानों को भुगतान के लिए अब तक 6728 करोड़

राज्य में 14 नवंबर से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है। 5 दिसम्बर तक 2739 उपार्जन केन्द्रों में कुल 29.22 लाख मीट्रिक टन धान का उपार्जन किया जा चुका है। प्रदेश में कुल पंजीकृत 27.78 लाख कृषकों में से अब तक 6 लाख 15 हजार किसानों ने समर्थन मूल्य में धान का विक्रय किया है।

*अब तक 33 हजार क्विंटल धान जब्त : प्रदेश में धान के अवैध परिवहन एवं अफरातफरी पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। प्रदेश में अवैध धान के 3305 प्रकरण बनाए गए हैं एवं 33054 क्विंटल धान जब्त किया गया है।*

## पीएम आवास के 5 भवनों को 4 माह में तैयार करने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्माणाधीन आवासीय परिसर के निर्माण एवं विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 5 अपूर्ण भवनों को शीघ्र फिनिशिंग कर 4 महीने के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए है। हीरापुर में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 348 आवासों का निर्माण किया जा रहा है।

ये आवास 12 भवनों में किया जा रहा है, जिसमें 5 भवन में आवास के निर्माण पूर्णता की ओर है, वहीं 5 भवनों के आवासों में फिनिशिंग का कार्य होना बाकी है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता यू. के. धलेन्द्र, जोन 8 जोन कमिश्नर ए. के. हालदार, अधीक्षण अभियंता संजय बागड़े, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, अभिषेक गुप्ता सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### सिंधु पैलेस में महिलाओं और बच्चों के लिए हुई प्रतियोगिता



**रायपुर।** सिंधी साहिती बिरादरी मंडल द्वारा सिंधु पैलेस में गत दिनों दीपावली मिलन (पारिवारिक मिलन समारोह) आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लगभग 500 लोगों ने भाग लिया। जिसमें रंगोली और ड्राइंग प्रतियोगिता, बच्चों के सिंधी भाषा में रिल, महिलाओं के लिए फनी रील एवं फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की गई। इसके अलावा रंगारंग कार्यक्रम भी हुआ। मंडल के अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत के अध्यक्ष महेश दरयानी शामिल हुए। इस अवसर पर कशिश गोवानी एवं भाविका विधानी, सुनील अजवानी आदि उपस्थित रहे।

# बुजुर्ग को सुनसान इलाके में लूटा, माल खरीदने वाले सहित तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ दो दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र की घटना

तोलीबांधा थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व बुधवार को सूनसान इलाके में ले जाकर कैश 12 सौ रुपए तथा 40 हजार रुपए कीमत की सोने की दो अंगूठी लूटने के आरोप में पुलिस ने लूट का माल खरीदने वाले सहित तीन को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से लूटी गई रकम तथा अंगूठी जब्त की है।

पुलिस के मुताबिक राजेंद्र नगर निवासी शिशुपाल सिंह यदु के साथ लूट के आरोप में लभांडी निवासी मुकेश वर्मा उर्फ मुक्कू, प्रदीप चौहान तथा लूट का माल खरीदने के आरोप में प्रशांत जैन को गिरफ्तार किया गया है। शिशुपाल ने पुलिस को बताया है कि वह अपने स्कूटी से राजेंद्र नगर में घूम रहा था। इस दौरान मुकेश ने शिशुपाल को कॉल कर उधार की रकम देने तेलीबांधा सिग्नल के पास बुलाया। सिग्नल के पास ट्रैफिक ज्यादा होने का झांसा देकर मुकेश ने शिशुपाल को उसकी स्कूटी से उतारा और खुद चलाते हुए लभांडी में ले जाकर लूट की। शिशुपाल को लूटने के बाद पीछे आ रहे अपने साथी प्रदीप की गाड़ी में सवार होकर वह मौके से फरार हो गया।

# छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की बैठक पेंशन भवन महासमुंद में जिला अध्यक्ष डॉ अशोक गिरि गोस्वामी के अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वप्रथम नए सदस्यों का सम्मान किया गया। जिसमें दूषण लाल साहू, शिक्षा विभाग, अर्जुन लाल, साहू, कृषि विभाग समारु राम निषाद एवं चैतराम साहू सिंचाई विभाग का गमछा एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। पश्चात पेंशनर सुरेंद्र अग्निहोत्री द्वारा स्वरचित कविता की प्रस्तुति की गई। कुंती देवांगन एवं डीआर सॉरी द्वारा सस्वर भजन प्रस्तुत किया गया। सभी पेंशनरों ने खूब सराहना किया।

पश्चात बीजापुर में 17 दिसंबर को पेंशनर डे मनाने के लिए विस्तृत जानकारी बीआर ध्रुव कार्यालय सचिव ने बताया, पेंशनर डे मनाने एवं बस्तर भ्रमण हेतु 50 सदस्यों ने अपनी सहमति दिया। 14 दिसंबर को रात्रि 8 बजे पेंशनर भवन से स्वीपर बस के द्वारा पेंशनर रवाना होकर चित्र कोट से होते हुए दंतेश्वरी माता का दर्शन दंतेवाड़ा में करने के पश्चात भगवान श्री राम की मंदिर दर्शन हेतु भद्राचलम जाएंगे, वहां से बीजापुर 17 दिसंबर को पेंशनर डे सम्मेलन में शामिल होंगे, इसकी जानकारी बीआर ध्रुव कार्यालय सचिव द्वारा



दिया गया।

जिला अध्यक्ष गोस्वामी द्वारा बताया कि केंद्र सरकार के महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान कार्ड 27 नवंबर को पेंशन भवन महासमुंद में 32 ऐसे पेंशनर जिनकी आयु 70 वर्ष से अधिक हो चुका है उनका आयुष्मान कार्ड बनवाया गया, साथ ही जिन पेंशनरों का आयुष्मान कार्ड नहीं बना है। उन्हें बनाने के लिए कहा गया। सचिव बीआर देवांगन एवं कोषाध्यक्ष मनराखान ध्रुव ने आय ब्यय की जानकारी दिया। संरक्षक केआर चंद्राकर ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी पेंशनर्स अपने पेंशन की राशि का उपयोग करें अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें अच्छा खाएं और स्वस्थ रहें। बैठक में हरक राम चंद्राकर पूर्व कोषाध्यक्ष, रामकुमार चंद्राकर, बलराम ध्रुव, शालिक चंद्राकर,ओंकार प्रसाद चंद्राकर, बोध राम साहू, महेश शर्मा, रामनारायण चंद्राकर, शेषनारायण चंद्राकर, केएस देवांगन, रामकुमार साहू, लल्लू राम, भोलाराम, चैतराम साहू, समारु राम साहू, कुंती देवांगन, सतीश पांडे, मन्नू लाल साहू, रघुनाथ सिन्हा, गोपाल सिंह ध्रुव, सुरेंद्र अग्निहोत्री, डीआर सोरी, रामलाल साहू, दाऊलाल अग्रवाल, दाऊराम कुरुवंशी, कांति राम यादव, पीसी पुरोहित, रामलाल श्रीवास्तव, अरुण कुमार बंसोड़, आर कश्यप, केके हनुमंत, लखन लाल कनौजे, बीके चंद्राकर, राम कुमार जोगी, नमित कुमार साहू, भानु सूर्यवंशी, एएल साहू, भावसिंह नेताम चमन लाल चंद्राकर, डीसी राव भोसले, मनहरन लाल साहू, बीएन गुप्ता, बीके चंद्राकर सहित पेंशनर साथी उपस्थित रहे। उक्त जानकारी बैसाखू राम देवांगन सचिव द्वारा दिया गया।

# नौकरी जाने के भय से ठगी की रकम लौटाने तैयार क्लर्क, पीड़िता को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक द्वारा सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर एक युवती से ठगी करने का मामला छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग में आया। इस प्रकरण में लिपिक ने स्वीकार किया कि उसने युवती से 2 लाख 10 हजार रुपए लिए हैं। इस राशि में से 1 लाख 10 हजार रुपए वह युवती को लौटा चुका है। शेष रकम एक लाख रुपए के लिए वह युवती को अपने दफ्तर के चक्कर लगवा रहा था। आयोग ने इस प्रकरण में लिपिक को शेष रकम लौटाने के लिए 8 दिन का समय दिया है। इसके बाद भी लिपिक पैसे नहीं लौटाएगा, तो आयोग उसकी नौकरी समाप्त करने की अनुशंसा करेगा। आयोग की बात सुनते ही लिपिक शेष राशि भी देने के लिए तैयार हो गया। छत्तीसगढ़ राज्य महिला आयोग की



अध्यक्ष डॉ. किरणमयी नायक, सदस्य सरला कोसरिया एवं लक्ष्मी वर्मा ने जल संसाधन प्रार्थना भवन बिलासपुर में गुरुवार को महिला उत्पीड़न से संबंधित प्रकरणों पर सुनवाई की। इस दौरान बिलासपुर शहर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के लिपिक के विरुद्ध एक युवती ने उसके साथ ठगी करने का केस किया। युवती ने आरोप लगाया कि लिपिक उसे उसी विद्यालय में सरकारी नौकरी पर लगा दूंगा का झांसा देकर उससे 2 लाख 10 रुपए लिए थे। नौकरी जब नहीं लगी, तो युवती ने लिपिक से अपने दिए पैसे वापस मांगे। इसे लेकर लिपिक द्वारा उसे टाल-मटोल कर घुमाया जा रहा था। हालांकि इस प्रकरण में लिपिक का कहना है कि उसने किस्तों में युवती को 1 लाख 10 हजार रुपए दे दिए हैं, जबकि युवती द्वारा इससे भी इनकार किया गया।

### आदेश का 4 माह में पालन नहीं, उच्चधिकारी भी बनाए जाएंगे पक्षकार

आयोग में एक पुराना प्रकरण आया था, जिसमें आवेदक को 4 माह के भीतर आवेदिका को बकाया राशि का भुगतान करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश के बाद भी समय-सीमा में आवेदिका को भुगतान नहीं किया गया है। इस पर आवेदिका ने आयोग में फिर गुहार लगाई है। सुनवाई के दौरान अनावेदक भी उपस्थित हुआ। उसके द्वारा बताया गया कि आवेदिका की मांग जायज है। इसके लिए उसके द्वारा उच्च अधिकारियों को पत्र भी लिखा गया है, जिसका अब तक जवाब नहीं मिला है। आयोग ने पत्र की कॉपी पेश करने के लिए अनावेदक को निर्देश दिए हैं, साथ ही यह भी कहा कि जिन उच्चधिकारियों को पत्र लिखा गया है, उनके नाम व पता की भी जानकारी दे, ताकि इस प्रकरण में उनके नाम भी पक्षकार के रूप में नाम जोड़ा जाए।

**खबर संक्षेप**

## विशाल नेत्र जांच व परामर्श शिविर पुराना सरकारी अस्पताल भवन में कल

**सरायपाली।** श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल, रायपुर, नेत्र जांच केंद्र बसना के सहयोग से नगर में 8 दिसंबर को विशाल नेत्र जांच व परामर्श शिविर का आयोजन पुराने सरकारी अस्पताल भवन में प्रातः 10 बजे आयोजित किया जा रहा है। इस नेत्र शिविर के आयोजन कर्ता बनवारीलाल अग्रवाल गौशाला परिवार सरायपाली ने जानकारी देते हुए बताया कि इस विशाल निशुल्क नेत्र शिविर में सहयोगी श्री गणेश विनायक आई हॉस्पिटल के डॉ चारुदत्त कलमकार , डॉ .परीक्षित इंगले , डॉ रामकेश द्विवेदी व डॉ आदित्य शिवहरे विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। यह विशाल निशुल्क नेत्र शिविर में सामान्य नेत्र की जांच, चश्में नंबर की जांच व मोतियाबिंद जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी । क्षेत्र के नेत्र रोगियों से अपील करते हुए वे अपना अग्रिम पंजीयन हेतु आदित्य शिवहरे – 9589261235, 9589261235 विजय अग्रवाल 7000484410 जयंतीलाल अग्रवाल 94252 11648 व कमल अग्रवाल 9406082924 से संपर्क कर सकते हैं।

**स्पर्धा : विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता की तैयारी**

# खो-खो, वॉलीबॉल, रस्साकसी, एथलेटिक्स, फुटबॉल में महिला खिलाड़ी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद द्वारा विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता वर्ष 2024- 25 का आयोजन सभी विकासखंड में आयोजित किया जाएगा जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिता एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर तथा तवा फेंक), खो - खो, हॉकी, बैडमिंटन (सिंगल, डबल), वॉलीबॉल, फुटबॉल, बॉस्केट बॉल, वेट लिफ्टिंग (9 से 18 वर्ष के लिए 50 किलो ग्राम, 53 किलो ग्राम, 18 से अधिक 35 वर्ष तक के लिए 45 किलो ग्राम, 49 किलो ग्राम) रस्साकसी, कुश्ती (9 से 18 वर्ष के लिए 50, 53 कि. ग्रा., 18 से अधिक 35 वर्ष तक 50, 53 कि. ग्रा.) को सम्मिलित किया गया हैं।

खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज धृतलहरे ने बताया कि महिला खेल प्रतियोगिता अंतर्गत 02 आयु वर्ग में महिला खिलाड़ियों को भाग लेने की पात्रता होगी 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से ऊपर - 35 वर्ष तक शामिल हो सकते हैं। पंजीयन हेतु प्रत्येक स्तर पर भाग लेने वाले खिलाड़ी की जानकारी निर्धारित प्रपत्र में जमा करना होगा। विकासखंड के दोनों आयु वर्ग से प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी/ दल जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। संबंधित खेलों के खेल संघ जिले में सक्रिय हैं तो उनके दल जिला स्तरीय आयोजन में सम्मिलित हो सकेंगे।

विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता संपन्न कराने हेतु आयोजन प्रभारी से संपर्क कर शामिल हो सकते हैं। विकासखंड बागबाहरा के लिए प्रभारी अधिकारी वंदना देवांगन संपर्क नंबर 8889594745 द्वारा 8 दिसंबर को मिनी स्टेडियम बागबाहरा में आयोजित किया जाएगा।

विकासखंड महासमुंद के लिए प्रभारी अधिकारी डॉ. सुनील कुमार भोई संपर्क नंबर 9827195173 द्वारा दिनांक 9 दिसंबर को खेल मैदान तुमगांव में आयोजित किया जाएगा। विकासखंड बसना के लिए प्रभारी अधिकारी भूपेंद्र प्रधान संपर्क नंबर 9669103019 द्वारा दिनांक 10 दिसंबर को स्थान पीएमश्री आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बसना में आयोजित किया जाएगा। विकासखंड सरायपाली के लिए प्रभारी अधिकारी हेम सागर कैवर्त संपर्क नंबर 9926143905 द्वारा दिनांक 11 दिसंबर को स्थान शास हाईस्कूल मैदान सरायपाली में आयोजित किया जाएगा।

विकासखंड पिथौरा के लिए प्रभारी अधिकारी सुधीर प्रधान संपर्क नंबर 8319946780 द्वारा दिनांक 12 दिसंबर को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा पिथौरा में आयोजित किया जाएगा।

# शिव मंदिर के पुनर्निर्माण को लेकर हुई चर्चा, नपाध्यक्ष शामिल हुए

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली



- झिलमिला के सिद्धेश्वर शिव मंदिर परिसर में बैठक हुई

श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर झिलमिला चेक पोस्ट में एक नियमित बैठक का आयोजन किया गया जिसमें आज विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्र कुमार पटेल अध्यक्ष नगर पालिका एवं दिनेश यादव (मुख्य नगरपालिका अधिकारी) उपस्थित थे। सर्वप्रथम समिति के अध्यक्ष लखनलाल पटेल की अगुवाई में सभी सदस्यों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। समिति के सदस्य नरसिंह अग्रवाल ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि नपाध्यक्ष ने मंदिर में हुए परिवर्तन को देखकर श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर समिति की प्रशंसा एवं सराहना की। साथ ही कहा कि यह प्राचीनतम शिव मंदिर वास्तव में हमारे शहर सरायपाली की विशिष्ट धरोहर है और झिलमिला को अलग पहचान दिलाता है ।

तत्पश्चात नपाध्यक्ष चंद्रकुमार पटेल द्वारा मंदिर में महादेव का पूजन अर्चन कर समिति के बैठक में सम्मिलित हुए जिनके सानिध्य में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई एवं मंदिर के पुनर्निर्माण हेतु आवश्यक कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई एवं होने वाले खर्चों के लिए बजट तैयार किया गया। नपाध्यक्ष द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया गया जिसमें मुख्य रूप से श्री सिद्धेश्वर शिव मंदिर से लगा हुआ धर्मशाला जो कि पूर्व में श्री शर्मा परिवार के संरक्षण में था, उसे शर्मा परिवार द्वारा सहर्ष मंदिर समिति को दिया गया। जिसका नवनिर्माण, मंदिर परिसर में बाउंड्री वाल का निर्माण, मंदिर परिसर में शेड का निर्माण एवं मंदिर के किनारे व्यावसायिक परिसर का निर्माण करने का प्रस्ताव पारित किया गया।

नपाध्यक्ष द्वारा नगर पालिका अधिकारी के साथ मंदिर के जीर्णोद्धार एवं नवनिर्माण हेतु निरीक्षण किया गया तथा आगामी कार्यों को तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया। आज के कार्यक्रम में भारी संख्या में उपस्थित गणमान्य नागरिकों सहित समिति के उपाध्यक्ष राघव प्रधान, सचिव भूरू सामंतराय, सहसचिव अमित श्रीवास, कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल एवं समिति के सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने नपाध्यक्ष से प्राप्त सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

# नरतोरी में कुम्हार समाज ने धूमधाम से मनाया कुराल पूजा महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

बागबाहरा विं खंड के ग्राम नरतोरी में परंपरा के मुताबिक कुम्हार समाज द्वारा शुक्रवार को कुराल पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव का शुरूआत बाजे गाजे के साथ करते हुए भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें समाज के महिलाएं एवं वहां के युवा वर्ग ने एक ही कलर के वस्त्र धारण कर यात्रा में शामिल हुए ।

इस दिन चक्रधर भगवान विष्णु का मूर्ति विराजित कर पंडित द्वारा मंत्रों उच्चारण के साथ विधि विधान से विधिवत हवन पूजा किया । इसके बाद प्रसादी में भंडारा का आयोजन भी हुआ। रात्रि में मनोरंजन के लिए मया के संदेश कोलदा खल्लारी का कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान गैंदराम चक्रधारी, पंच श्रवण कुमार, मेमबाई चक्रधारी, केंद्रीय युवा प्रकोष्ठ कुम्हार संघ संयुक्त सचिव रितेश चक्रधारी, कोमलमणि, सगनु, देवप्रसाद, केजुराम, तेजन, मन्नुराम, तुलसीराम, तेज प्रकाश, ताराचंद, हेमलाल, टोपराम, भोलाराम, यशवंत, बबलू, शिवनारायण, देवसिंह, तुलसीराम, रमेशर, नरेश, रामजी, तेजुराम, थानुराम, उमाराम, सोहन, सुरेश, श्यामलाल, भूपेंद्र, भूषण, द्वारका चक्रधारी सहित समाज के लोग उपस्थित रहे ।

## पार्षद ने अपने जन्मदिन पर रोपे पौधे



हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव पार्षद धर्मेंद्र यादव का जन्मदिन नगर में बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, उपाध्यक्ष पप्पू पटेल व समस्त जनप्रतिनिधिगण नगर के वरिष्ठ जन महिलाएं युवा साथी, बच्चों व नगर पंचायत के कर्मचारी गण आदि ने जन्मदिन के अवसर पर बधाई शुभकामनाएं दी। यादव ने मंदिर परिसर, थाना परिसर, शनिदेव मंदिर, राम सागर तालाब परिसर, मुक्तिधाम आदि विभिन्न स्थानों पर पर्यावरण संरक्षण हेतु अनेक पौधे का जिसमें कृष्ण भगवान को प्रिय कदम के पौधे तथा आंवला व अन्य पौधे का रोपण किया। साथ ही स्कूल के छोटे-छोटे बच्चों पहाड़ा, पेन, कॉपी, पुस्तक वितरण किया। वहीं नगर पंचायत कार्यालय में सभी जनप्रतिनिधियों, कर्मचारियों, नगर के गणमान्य नागरिक, युवा साथियों के साथ कार्यालय परिसर में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।

# चिकित्सा क्षेत्र में आ रही कठिनाइयों से मुख्य स्वास्थ्य सचिव को अवगत कराया गया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक व पूर्व विधायक महासमुंद डॉ. विमल चोपड़ा के नेतृत्व में प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्य तथा आईएमए नया रायपुर के सदस्यों ने चिकित्सा क्षेत्र के कार्यों में आ रही कठिनाइयों के निराकरण हेतु नया रायपुर मंत्रालय में मुख्य स्वास्थ्य सचिव पिंगुवा से भेंट की गई।

इस दौरान अनेक विषयों पर चर्चा कर स्वास्थ्य व चिकित्सा क्षेत्र की मांगें रखी तथा निम्न बिंदु रखे जिनमें आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान एवं आगामी भुगतान हेतु निश्चित योजना बनाकर उसका कड़ाई से पालन किया जाए। विगत लंबे समय से आयुष्मान भारत के पैकेज की समीक्षा नहीं की गई अतः समीक्षा कर दर को परिवर्तित किया जाए। नर्सिंग होम एक्ट में 30 बिस्तरों के अस्पताल को छूट देने की स्वीकृति के पश्चात भी इसके नियमों का निर्धारण नहीं किया गया। एमबीबीएस के बाद इंटर्नशिप पूर्ण कर चुके छात्रों की बांड अवधि तत्काल प्रारंभ करें एवं पोस्टिंग न देने पर अवधि में उतने माह की कमी की जाए। एम्स रायपुर के छात्रों को छत्तीसगढ़ की पीजी सीट में प्रवेश से रोका जाए। पीजी काउंसिलिंग और अपग्रेडेशन की प्रक्रिया पूर्व की तरह लागू की जाए। एक चिकित्सक के दो से ज्यादा नर्सिंग होम या क्लीनिक में जाने पर लगे प्रतिबंध को हटाया जाए। पीजी छात्रों के ड्यूटी समय में सुधार किया जाए। ग्रामीण क्षेत्रों की पीएचसी को प्राइवेट सेक्टर में देने पर विचार किया जाए। विभागीय चिकित्सकों को पीजी हेतु एनओसी एक माह के भीतर देने का प्रावधान किया जाए। पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों के लिए सभी चिकित्सा महाविद्यालयों में छात्रावास का कमी है, जिसे दूर किया जाए। प्रदेश में शासकीय होम्योपैथी कॉलेज की स्थापना की जाए या एकमात्र होम्योपैथी कॉलेज को शासकीय अनुदान दिया जाए। ग्रामीण चिकित्सक जो वर्षों से बिना डिग्री के छोटा - मोटा इलाज कर रहे हैं, उन्हें ट्रेनिंग देकर मान्यता प्राप्त बनाया जाए। आयुर्वेद चिकित्सकों की शासकीय सेवा में भर्ती की जाए।

समस्याओं को सुनने के पश्चात मुख्य स्वास्थ्य सचिव पिंगुवा ने मांगों को संज्ञान में लेते हुए कहा कि एक माह के भीतर आवश्यक रूप से समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा।

जिस पर प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ के सदस्यों ने कहा कि दो माह पहले वे स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल से मिलकर उनके समक्ष इन सभी मांगो रखा था, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री ने सैद्धांतिक सहमति जताई थी और त्वरित कार्रवाई करने की बात कही थी, उस दौरान उनके सचिव चंदन भी उपस्थित थे, जिनके समक्ष सभी समस्याओं को अवगत कराया गया था। जिस पर स्वास्थ्य सचिव पिंगुवा ने पूर्व सचिव चंदन से बात करते हुए समस्याओं के निराकरण की समीक्षा करते हुए जानकारी ली और कहा कि दोनों मामलों के समस्याओं के कार्रवाई हेतु आगे फाइल चला दी गई है।

# गणित विषय को सहज व सरल तरीके से समझाने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद



राष्ट्रीय गणित दिवस 1 दिसंबर से 31 दिसंबर तक मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर द्वारा जारी निर्देशानुसार 5 दिसंबर को स्वामी आत्मानंद शा आदर्श उच्चतर माध्यमिक विद्यालय महासमुंद में राष्ट्रीय गणित दिवस हेतु कार्यशाला आयोजित की गई , जिसमें जिले से गणित के 90 व्याख्याता उपस्थित रहे।

जिला शिक्षा अधिकारी एमआर सावंत ने गणित विषय को बच्चों को सहज सरल प्रक्रिया के क्रियाकलाप से व्यावहारिक जीवन में अनुप्रयोगों द्वारा समझने पर जोर दिया तथा मॉडल प्रोजेक्ट के द्वारा प्राकृतिक जिज्ञासा को आगे बढ़ने पर उत्साहित करने के लिए मंच प्रदान किया है। इसे जन जन तक पहुंचाने हेतु विभिन्न आधुनिक तरकीबों से अवगत कराकर गणित का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर हेमंत सहायक प्राध्यापक पॉलिटेक्निक कॉलेज महासमुंद रिसोर्स पर्सन ने विभिन्न आइडिया ट्रिक देकर गणित को आसान रूप प्रदान करने को अचूक यंत्र तंत्र प्रस्तुत किया, जिसमें बच्चे बहुत आसानी से गणित को समझ सकेंगे। मॉडल बनाने हेतु समझ विकसित पर पूरा ध्यान केंद्रित करने के लिए कहा। डॉ. अनिल प्रधान रिसोर्स पर्सन द्वारा मॉडल के पूर्व एक छात्र अध्यापक को किन बिंदुओं को लेकर तैयारी कर आगे बढ़ना चाहिए विशेष रूप से प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रस्तुत किया गया । गणित विषय के विभिन्न उद्देश्यों की पूर्ति मानव समाज के लिए कैसे प्राप्त किया जा सकता है उसके लिए उन्होंने निर्मित मॉडलों को प्रदर्शित कर सबको नवाचार के साथ बच्चों को आगे अभिरुचि के साथ मॉडल बनाने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर चमन चंद्राकर रिसोर्स पर्सन द्वारा श्रीनिवास रामानुजन महान गणितज्ञ के जन्म दिवस को राष्ट्रीय गणित दिवस मनाने की अभिप्राय को बताया।

इस अवसर पर हेमेंद्र आचार्य जिला समन्वयक राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस व नोडल अधिकारी महासमुंद ने गणितीय दिवस को सफल बनाने के लिए सभी गणित के शिक्षकों को दर्शन मनोविज्ञान, सामाजिक स्थिरता, वैज्ञानिक सोच व सिद्धांतों को एक साथ समन्वय कर गणित के मॉडल व प्रोजेक्ट निर्माण हेतु प्रेरित किया गया। अंत में चमन लाल चंद्राकर उप प्राचार्य द्वारा सभी रिसोर्स पर्सन व जिले भर से उपस्थित गणित व्याख्याताओं का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने भौगोलिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का भ्रमण कर किया अवलोकन

**सरायपाली।** वीरेंद्र बहादुर सिंह शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य पी के भोई के संरक्षण एवं भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एमएन सिदार के मार्गदर्शन में बीए भाग - तीन के विद्यार्थियों को बिलासपुर क्षेत्र का भौगोलिक भ्रमण कराया गया। विदित हो कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर ने प्रायोगिक भूगोल के पाठ्यक्रम में भौगोलिक भ्रमण को शामिल किया है जिससे बीए के विद्यार्थी भौगोलिक एवं सांस्कृतिक तत्वों का प्रत्यक्ष अवलोकन कर भौगोलिक विशेषताओं का समीक्षा करने में समर्थ हो तथा भूगोल को निकट से समझ सके। इस आशय से बिलासपुर के विभिन्न स्थानों का भ्रमण कराया गया। जिनमें कानन पेंडारी, रतनपुर महामाया मंदिर, खूंटाघाट जलाशय, खरौद और शिवरीनारायण के ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन किया। इस अवसर पर एम.एन सिदार विभागाध्यक्ष भूगोल, सत्य प्रकाश खड़बंधे अतिथि व्याख्याता, देवेश राणा सहा. प्रा.-जनभागीदारी एवं भूमिका वर्मा सहा.प्रा.- स्ववित्तीय शामिल थे।




# पुण्यतिथि पर डॉ आंबेडकर को कांग्रेसियों ने किया नमन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ महासमुंद




कांग्रेस भवन में स्वतंत्र भारत के प्रथम विधि एवं न्याय मंत्री भारतीय संविधान के जनक एवं भारत गणराज्य के निर्माता में से एक भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि मनाई गई।

डॉ अंबेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय अमेरिका और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की तथा विधि,अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य किया। डॉ बीआर अंबेडकर 64 विषयों के मास्टर थे। उन्हें 9 भाषाओं का ज्ञान था। साथ ही उनके पास 32 डिग्री थी। डॉक्टर बाबा साहब अंबेडकर के सम्मान में कोलंबिया यूनिवर्सिटी के मुख्य दरवाजे पर उनकी कांस्य प्रतिमा लगाई गई। उस मूर्ति का अनावरण अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने किया था। उस मूर्ति के नीचे लिखा गया है, सिम्बॉल ऑफ नॉलेज यानी ज्ञान का प्रतीक — डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को सत सत नमन!! हिंदू धर्म में व्याप्त कुरीतियों और छुआछूत की प्रथा से तंग आकर सन 1956 में उन्होंने बौद्ध धर्म अपना लिया था। अंबेडकर ने आजाद भारत में कानून मंत्री एवं न्याय मंत्री रहते हुए अनेकों कार्य किया एवं विश्व के महान वकील, प्रोफेसर, राजनीतिज्ञ, विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद, दार्शनिक, लेखक, पत्रकार, समाज शास्त्री, मानव विज्ञानी, प्रोफेसर, संपादक जैसे अन्य पदों पर अपनी सेवा देते हुए देश हित में कार्य किया।

उन्होंने भारतीय रिजर्व बैंक, रोजगार कार्यालय की स्थापना की। वित्त आयोग का गठन किया, कर्मचारी राज्य बीमा की शुरुआत की, मजदूरों का काम का समय 12 घंटे से घटाकर 8 घंटे किया। महिलाओं को प्रसूति अवकाश प्रदान किया एवं वोट का अधिकार भी दिलवाया।

ट्रेड यूनियनों को मान्यता प्रदान की, कर्मचारियों के अवकाश का वेतन दिलाया, हेल्थ इंश्योरेंस की शुरुआत की। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर महासमुंद कांग्रेस भवन में कांग्रेस जनों के द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई जिसमें प्रमुख रूप से खिलावन बघेल शहर अध्यक्ष, संजय शर्मा पूर्व प्रभारी महामंत्री, गुरमीत चावला प्रभारी महामंत्री, सोमेश दवे संयुक्त महामंत्री, ढेलू निषाद ग्रामीण अध्यक्ष, गौरव चंद्राकर महामंत्री, डॉ.तरुण साहू महामंत्री, पूर्व एल्डरमैन सुनील चंद्राकर, जावेद चौहान, तुलसी साहू, भूमिका ध्रुव, जयश्री दास, सुरेंद्र ठाकुर, बसंत चंद्राकर, निहार राव, भानू सोनी एवं अन्य कांग्रेस जन उपस्थित रहे।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### लैब टेक्निशियन के कौशल परिणाम जारी

**महासमुंद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले में संविदा भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके फलस्वरूप सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों एवं लैब टेक्निशियन का कौशल परीक्षा 5 दिसंबर को आयोजित किया गया। उक्त कौशल परीक्षा में प्राप्त अंकों का विवरण की जानकारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय के सूचना पटल पर चस्पा किया गया है। जिसका अवलोकन संबंधित आवेदकों द्वारा कार्यालयीन समय पर किया जा सकता है।

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 और 11 को रायगढ़ में

**महासमुंद।** सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अग्निवीर (थल सेना) भर्ती के तहत लिखित परीक्षा उत्तीर्ण आवेदकों के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 से 12 दिसंबर तक रायगढ़ में किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि महासमुंद जिले के अभ्यर्थियों के लिए अग्निवीर जनरल ड्यूटी पद की शारीरिक दक्षता परीक्षा 7 दिसंबर को और अग्निवीर टेक्नीकल, क्लर्क, ट्रेडमेंन पदों के लिए यह परीक्षा 11 दिसंबर को निर्धारित है। महासमुंद जिले से रायगढ़ जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा निःशुल्क आवास एवं भोजन की व्यवस्था की गई है। जिसके अंतर्गत 7 से 9 दिसंबर तक रैन बसेरा, ट्रांसफोर्ट नगर, गांधी नगर सामुदायिक भवन, रायगढ़ एवं 11 दिसंबर को मंगल भवन, कबीर चौक, रायगढ़ में ठहरने की सुविधा रहेगी।

### संविदा भर्ती के लिए 11 तक दावा आपत्ति

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें लेखापाल, डाटा एंट्री ऑपरेटर एवं सहायक ग्रेड-03 के प्राप्त आवेदनों का इन्द्राज एवं प्रारंभिक जांच उपरांत अभ्यर्थियों से उक्त सूची में लिपिकीय त्रुटि से संबंधित दावा-आपत्ति के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया हैं। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि स्वयं कार्यालय में उपस्थिति होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति कर सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। दावा-आपत्ति के लिए आवेदन का प्रारूप तथा पात्र/अपात्र सूची का अवलोकन जिले के वेबसाईट पर किया जा सकता है। प्रारंभिक सूची के प्रकाशन के पश्चात दावा-आपत्ति में किसी भी प्रकार के शैक्षणिक योग्यताएं एवं अनुभव प्रमाण पत्र या अन्य प्रमाण पत्र संलग्न किए जाने पर मान्य नहीं किया जाएगा। केवल त्रुटि सुधार ही मान्य किया जाएगा।

### आवास मित्र भर्ती के लिए दस्तावेज सूची जारी

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत आवास मित्र/समर्पित मानव संसाधन भर्ती के लिए अभ्यर्थियों से प्राप्त ऑनलाईन आवेदनों का दस्तावेज सत्यापन पश्चात सूची तैयार की गई है। जिसका अवलोकन जिले की वेबसाईटपर किया जा सकता है। जिला पंचायत सीईओ एस आलोक ने बताया कि उक्त सूची में केवल लिपिकीय त्रुटि में सुधार के लिए 11 दिसंबर 2024 शाम 5.30 बजे तक दावा आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी स्वयं उपस्थित होकर निर्धारित प्रारूप में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।

### चौपाल : क्षेत्रवासियों ने विधायक की पहल की सराहना की

# विधायक ने सुदूर बलौदा में लगाया जन चौपाल और समस्याएं सुनीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

■ अब माह के पहले गुरुवार को बलौदा में लगेगा जन चौपाल



अंचल के दूरस्थ क्षेत्र बलौदा में विधायक चातुरी नंद ने जन चौपाल लगाकर क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुना और मौके पर ही विभागीय अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिए।

जन चौपाल में बलौदा की चंचला विश्वकर्मा, लता यादव, सुनीता यादव समेत दो दर्जन से अधिक महिलाओं ने पीएम आवास योजना के तहत आवास दिलाए जाने की मांग की। विधायक नंद ने आवास योजना का लाभ दिलाने पंचायत सचिव समेत संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बलौदा की ही पूर्णमासी सिदार ने पीएम आवास योजना के लंबित लेबर पेमेंट की राशि का भुगतान करने का निवेदन विधायक नंद से की जिस पर विधायक ने जनपद सीईओ जल्द बकाया राशि का भुगतान करने का निर्देश दिए। नवीन राशन कार्ड बनाने की फ़रियद लेकर बलौदा की रूखमणी भोई पहुंची जिसकी जानकारी सचिव से विधायक नंद ने ली, सचिव ने नवीन राशनकार्ड से संबंधित 75 आवेदन पेंडिंग होने की जानकारी दी जिस पर विधायक नंद ने सीईओ जनपद पंचायत को जल्द राशन कार्ड जारी करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जन चौपाल में विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्रवासी विधायक चातुरी नंद से मिलने पहुंचे थे। इस अवसर पर आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, सरपंच विनोद दीवान, अंगद डड़सेना, नीलांचल भोई, मुरलीधर पटेल, बीसीकेशन भोई, सनातन भोई, चतुर्भुज डड़सेना, परमेश्वर भोई, प्रवीर बारीक, विकास सोना समेत कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता गण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

विदित हो कि विधायक चातुरी नंद अब हर महीने के पहले गुरुवार को बलौदा में आमजन की समस्याओं के निराकरण हेतु विधायक जन चौपाल लगा रही है और मौके में ही समस्याओं का त्वरित निराकरण भी कर रही है। विधायक की इस पहल की क्षेत्रवासी सराहना कर रहे है।

## गढफुलझर में माता विंध्यवासिनी मंदिर में कुंभ भराई कार्यक्रम में शामिल हुए प्रतिनिधि



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विधानसभा बसना अंतर्गत ग्राम गढफुलझर के गढ परिसर में माता विंध्यवासिनी मंदिर के कुंभ भराई कार्यक्रम में विधायक डॉ.संपत अग्रवाल के प्रतिनिधि रामचंद्र अग्रवाल शामिल हुए। सर्वप्रथम उन्होंने माता विंध्यवासिनी की पूजा-अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की तथा माता विंध्यवासिनी मंदिर कुंभ भराई की अनंत शुभकामनाएं व बधाई दिए। यहां माता विंध्यवासिनी का भव्य मंदिर का निर्माण किया जा रहा है जिसे लेकर क्षेत्रवासियों में हर्ष एवं उत्साह का माहौल है जिसे लेकर कुंभ भराई एवं भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है, साथ ही भजन कीर्तन समारोह की शोभा बढ़ाई जा रही है जिसमें भक्ति में गायन वादन किया जा रहा है, सभी श्रद्धालुजन माता विंध्यवासिनी की भक्ति में लीन नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीष्म देव बरिहा, चीनीलाल बरिहा, कृष्णचंद्र बरिहा, अमृतलाल बरिहा, गांडाराय बरिहा, दिलीप सिंह बरिहा, मोहित बरिहा, धोबीलाल बरिहा, जेहरु बरिहा, रंजीत बरिहा, जलंधर बरिहा, कमलेश बरिहा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद थे।

## कुपोषित बच्चों की जांच के लिए लगाया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

महिला बाल विकास विभाग के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी सलडीह में मुख्यमंत्री बाल संदर्भ योजना के अंतर्गत गंभीर कुपोषित बच्चों का स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें अति गंभीर बच्चों का ऊंचाई, वजन माप करने पश्चात निशुल्क दवाई जिसमें कैल्सियम, आयरन, मल्टीविटामिन, प्रोटीन पाउडर का वितरण किया गया। प




रति माह फॉलोअप जांच करने हेतु कहा गया एवं बच्चों के पालकों को बच्चे की सेहत का अच्छे से ध्यान रखते हुए उनके खानपान जैसे हरी सब्जी, पोषण आहार का नियमित सेवन करने एवं गुड़, चना फल्ली का लड्डू बनाकर खिलाने की सलाह दी गई।

उक्त शिविर में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का भी कार्यक्रम आयोजन किया गया जिसमें सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं उपस्थित सभी बच्चों माता-पिता को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के बारे के विस्तृत से जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में स्वास्थ्य परीक्षण मनीष भारद्वाज आरएमए प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी सलडीह के द्वारा सभी गंभीर बच्चों को स्वास्थ्य परीक्षण करने पश्चात दवाई वितरण किया गया। कार्यक्रम में नंदिनी यदु आंगनबाड़ी सुपरवाइजर भगतदेवरी के द्वारा कार्यक्रम के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही मनीषा मांझी कार्यकर्ता विजयपुर एवं देवरी सलडीह क्षेत्र के समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वास्थ्य विभाग के समस्त कर्मचारी उपस्थित थे।

## भारतीय व स्थानीय भाषाओं के महत्व पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

छत्तीसगढ़ में एकता भारतीय भाषा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जो 4 दिसंबर से 11 दिसंबर तक चलेगा,इस उत्सव के दौरान राज्य के सभी स्कूलों में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिसमें भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के महत्व पर जोर दिया जाएगा।

उत्सव के पहले दिन 4 दिसंबर को स्कूलों में वॉल मैग्ज़ीन तैयार की गई, जिसमें भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के बारे में जानकारी दी गई, इसके अतिरिक्त बच्चों को विभिन्न प्रकार के अनुभवों को साझा करने के लिए नेचर वॉक का आयोजन किया गया।




इस उत्सव का उद्देश्य भारतीय भाषाओं और स्थानीय भाषाओं के महत्व को बढ़ावा देना और बच्चों में भाषाई जागरूकता को बढ़ावा देना है।

भाषा उत्सव का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला कसडोल में किया गया, इसमें बच्चों ने विभिन्न प्रकार के लेख लिखकर वॉल मैग्जीन में प्रदर्शित किया और साथ ही बच्चों को नेचर वॉक कराया गया, जिसमें उन्होंने विभिन्न पेड़ के बारे में जाना एवं पेड़ से होने वाले लाभ एवं पेड़ के महत्व को समझा।

इसी तरह का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला बानीगिरोला, शासकीय प्राथमिक शाला मुंधा एवं शासकीय प्राथमिक शाला सिरशोभा में किया गया।

इसमें समुदाय के सहयोग से बच्चों को नेचर वॉक कराकर विभिन्न स्थान के बारे में चर्चा किया गया बच्चे स्वयं की भाषा में चर्चा किए, जिससे बच्चों में अपने भाषा के प्रति लगाव एवं आत्मविश्वास बढ़ेगा और बच्चे रुचि लेकर अपने मातृभाषा का प्रयोग करेंगे।




### उत्कृष्ट विद्यार्थियों का एलआईसी ने किया सम्मान

**महासमुंद।** ग्राम देवदा एवं सोनपैरी में विभिन्न कक्षाओं के उत्कृष्ट विद्यार्थियों का सम्मान समारोह रखा गया था। साथ ही आने वाले समय में जरूरत और अपने बच्चों की शिक्षा एवं जरुरत को पूरा करने के लिए बीमा करके अपने परिवार को सुरक्षा प्रदान करने एवं बच्चों की शिक्षा और शादी एवं अन्य सभी जरुरत के लिए बीमा के फायदे के बारे में बताया गया। इस अवसर पर महासमुंद भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा महासमुंद ब्रांच के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक एमडी ठाकुर, सहायक शाखा प्रबंधक अभिषेक बहादुर, एम.डी.आर.टी. यू. एस. ए. राकेश कुमार झाबक, अभिकर्ता खामिर सिंग जांगडे, सरपंच आशा यशवंत कोशले, उप सरपंच बिल्लू दास माहिल, प्रभारी हेड मास्टर हीरा मंगेशकर, प्रधान पाठक शत्रुघन लाल साहू, हीरा सेन आदि उपस्थित थे।

## महतारी वंदन योजना पर अनर्गल प्रलाप कर रही कांग्रेस

**महासमुंद।** भाजपा किसान नेता अशवंत तुषार साहू ने महतारी वंदन योजना की 10वीं किश्त की राशि प्रदेश की 70 लाख महिलाओं के खाते में सीधे अंतरित होने के बाद कहा है कि यह कांग्रेस के उस झूठ का करारा जवाब है, जो वह इस योजना को लेकर शुरू से फैलाने में लगी हुई थी। अशवंत तुषार साहू ने कहा कि कांग्रेस हर मुद्दे पर झूठ बोलकर हर बार मुंह की खा रही है, फिर भी झूठ बोलने, षड्यंत्र रचने और अराजकता फैलाने के मंसूबे पालने से बाज नहीं आ रही है। अशवंत तुषार साहू ने कहा कि दरअसल कांग्रेस वादाखिलाफी में माहिर है, इसलिए उसे हर जगह पीलिया के मरीज की तरह सबकुछ पीला-पीला नजर आता है, लेकिन प्रदेश की जनता-जनार्दन का यह दृढ़ विश्वास है कि भाजपा जो कहती है, वह करती है। प्रदेश की 70 लाख माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना की एक हजार रुपए की राशि की 10वीं किश्त मंगलवार को अंतरित की गई है। माताओं-बहनों का आशीर्वाद ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार और भाजपा को काम करने की शक्ति



प्रदान कर रहा है। महतारी वंदन योजना के कारण माताओं-बहनों की आंखों में दिख रही स्वाभिमान की चमक भाजपा और प्रदेश सरकार का सबसे बड़ा संतोष है। अशवंत तुषार साहू ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने अपने कार्यकाल में महिला-शक्ति को कदम-कदम पर न केवल छलने का काम किया, अपितु उनकी सुरक्षा, सम्मान और आर्थिक सशक्तिकरण को दांव पर लगा दिया था। महिलाओं के साथ हर मोर्चे पर खुली धोखाधड़ी करने वाली कांग्रेस अब भाजपा की सरकार से वादों को पूरा करने की सीख ले और वृथा गाल बजाने से बाज आए।

## राष्ट्रीय यूथ बॉस्केटबाल में 6 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

भारतीय बॉस्केटबाल संघ द्वारा 39वें राष्ट्रीय यूथ बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 29 नवंबर से 5 दिसंबर तक कोलकाता में आयोजित किया गया। छत्तीसगढ़ के सहायक कोच शुभम तिवारी ने बताया कि महासमुंद जिले से 6 खिलाड़ियों ने यूथ नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ टीम का प्रतिनिधित्व किया। जिसमें महासमुंद जिले से 5 बालिका दिव्या रंगारी, स्वाति यादव, निधि, रायमा दास, पूजिता ने हिस्सा लिया और बालक वर्ग में हिमांशु सिंह ने हिस्सा लिया।

छत्तीसगढ़ यूथ बॉस्केटबाल टीम की कोच कविता (रेलवे), सहायक कोच शुभम तिवारी, मैनेजर दासरी निकिता (रेलवे) की अहम भूमिका रहीं। छत्तीसगढ़ यूथ गर्ल्स टीम ने उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, गोवा, उड़ीसा, चंडीगढ़ को हराया एवं तेलंगाना से हारकर प्रतियोगिता से बाहर हो गई, छत्तीसगढ़ 11वें स्थान पर रहीं। महासमुंद जिले से दिव्या रंगारी, स्वाति यादव, पूजिता, निधि, रायमा दास एवं बालक वर्ग में हिमांशु सिंह ने बेहतर खेल प्रदर्शन करते हुए ज्यादा अंक बनाए।

## धार्मिक आयोजनों में प्रेरणास्पद है महिलाओं की भागीदारी : निखिलकांत

### वार्ड 27 गुड़रुपारा के शिव महापुराण कथा में शामिल हुए नपा सभापति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

स्थानीय गुड़रुपारा वार्ड 27 में 1से 5 दिसंबर तक महिला समिति व मोहल्ले वासियों द्वारा 5 दिवसीय श्री हरिहर शिव महापुराण कथा महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें कथा विराम दिवस पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव व नपा सभापति निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने भगवान शिव की पूजा अर्चना कर श्रीफल समर्पित किया तथा कथा वाचक पंडित धनंजय तिवारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान आयोजक महिला समिति की पदाधिकारियों माताओं, बहनों ने श्री साहू का पुष्पमाला व श्रीफल भेंटकर आत्मीय स्वागत किया। अपने संबोधन में निखिलकांत ने कहा कि वार्ड 27 गुड़रुपारा की माताएं, बहनों की सक्रियता सराहनीय है। धार्मिक कार्यों में इस वार्ड की माताएं हमेशा अग्रणी भूमिका निभाती है, जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा साबित हो रही है। उन्होंने भक्तिमय आयोजन के लिए वार्डवासियों को शुभकामनाएं दी। कथा प्रसंग के अंतिम दिवस पंडित तिवारी ने पशुपति नाथ, अर्धनारीश्वर, भस्म धारण की कथा सुनाई। कथा वाचक ने कहा कि महादेव की भक्ति से सारे कष्टों का निवारण होता है, सारे भय दूर हो जाते हैं। अंत में हवन पूजा के बाद भव्य शोभा यात्रा वार्ड भ्रमण के लिए निकाली गई, तथा सभी को प्रसाद का वितरण किया गया।

One Way Taxi
अब आपके पास के
भरोसेमंद कॉमन सर्विस सेंटर
में उपलब्ध हो गयी है।
CSC Your Trusted Neighbourhood Kiosk
Rahul Travels — One Way Taxi Pvt Ltd —
CUSTOMER CARE NO.:7377511511

### मॉक ड्रिल कार्यक्रम में सम्मिलित हुए रासेयो स्वयंसेवक

# बाढ़ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए रासेयो स्वयंसेवक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद के आदेशानुसार शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय महासमुंद के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के 20 स्वयंसेवकों को कोडार बांध में आयोजित मॉक ड्रिल कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो करुणा दुबे के निर्देशानुसार, डॉ मालती तिवारी जिला संगठक रासेयो जिला महासमुंद व अजय कुमार राजा प्रभारी अधिकारी यूथ रेडक्रॉस सोसाइटी के मार्गदर्शन में सम्मिलित हुए । उक्त कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने राजेश्वरी सोनी कार्यक्रम अधिकारी रासेयो एवं श्री प्रकाशमणि साहू जनभागीदारी व्याख्याता रसायन शास्त्र के नेतृत्व में मॉक ड्रिल कार्यक्रम में आपदा प्रबंधन से कैसे बचाना है उसके बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त किया । कार्यक्रम में एनडीआरफ नेशनल डिसास्टर रिस्पांस फोर्स 03 बीएन मंडली कटक, ओडिशा के जवानों द्वारा




प्रायोगिक करके किस प्रकार यदि कोई व्यक्ति प्राकृतिक आपदा जैसे बाढ़ में या नदी में डूबने लगे तो उसे कैसे मदद पहुंचाया जाए, के बारे में बताया गया। जिसमें सर्वप्रथम यदि कोई व्यक्ति डूब रहा होगा तो हेल्प के लिए लाइफ जैकेट पहनें और बोट में 6 से अधिक व्यक्ति न रहे इसका ध्यान देना आवश्यक है फिर फंसे व्यक्ति के पास शून्य या आठ जैसे आकार बनाते हुए उसके पास जाएं ताकि नीचे किसी चीज से फंसे रहने पर वह निकल जाए। पहले स्ट्रेचर में बैठाया जाता है फिर उसके पेट में पानी भर गया है कि नहीं, उसे चेक किया जाता है। मेडिकल फोर्स लाइफ जैकेट 72 घंटे तक सुरक्षित रखा जा सकता है, क्लिप को सावधानी से लगाना जरूरी है। कार्डिकल अरेस्ट हो, पल्स, सांस, नहीं चल रहा तो सीपीआर प्रोसेस कर सकते हैं। सबसे पहले अपना सरफेस साफ होना चाहिए, मास्टर हैंड को नीचे रख कर ग्रिप बनाकर चेस्ट के नीचे कंप्रेस करना है। कंप्रेशर 3 से 4 सीएम होना चाहिए। कार्यक्रम में पुलिस जिला प्रशासन से एके इक्का, एनडीआरएफ से पवन जोशी एवं उनकी पूरी स्टाफ मौजूद रही। राष्ट्रीव सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक ईश्वरी ध्रुव, गोपी सिन्हा, मनोज देवांगन, खुशबू कन्नौजे, शीतल देवांगन, भुनेश्वरी, उर्मिला, गरिमा, विजय, जनक, लोकनाथ, मनहरण सहित सभी स्वयंसेवक उपस्थित रहे।